प्रेस नोट　　　　पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद　　　　दिनांक 08.12.2024

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस द्वारा मा0 काशीराम/प्रधान मंत्री आवास योजना के फर्जी आवंटन प्रपत्र तैयार कर लोगों से लाखों की धोखाधड़ी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक 12.02.2024 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर आवेदिका द्वारा एक लिखित सूचना दी गयी कि डी-ब्लॉक सुदामापुरी में रहने वाले अशोक पुत्र मोती के द्वारा आवेदिका व उसके जान पहचान के लोगो को मा0 काशीराम / प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मकान दिलाने के नाम पर उनके साथ लाखों रूपये की धोखाधड़ी करना। प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया।

तत्पश्चात दिनांक 07.12.2024 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर उपरोक्त घटना कारित करने वाले अभियुक्त अशोक पुत्र मोती पासवान निवासी डी-21 गली नं0 1 सुदामापुरी थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद हाल पता रोयल सिटी थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 29 वर्ष को ग्रीन होटल मोड़ के पास से थाना क्षेत्र क्रॉसिंग रिपब्लिक से गिरफ्तार किया गया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि मैं डी ब्लोक सुदामापुरी थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक मे निवास करता था वहां पर मेरी जान पहचान कई लोगो से थी जो कुछ कम पढे लिखे लोग थे। मेरे द्वारा उनको ठगने की योजना बनायी गयी तथा मा0 काशीराम / प्रधान मंत्री आवास योजना में मकान दिलाने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार किये गये जिससे लोगों को यकीन हो जाये कि उनका कार्य सही चल रहा है तथा उनको योजनाओं के तहत जल्दी मकान मिलने की उम्मीद लगी रहे। धीरे धीरे उन लोगों को इस बात का पता चला गया कि उनके साथ मैंने ठगी की है तो मैं सुदामापुरी से अपना मकान बेच कर भाग गया था और लोगों व पुलिस से बचने के लिए छिपता-छिपाता रहा।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

अशोक पुत्र मोती पासवान निवासी डी-21 गली नं0 1 सुदामापुरी थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद हाल पता रोयल सिटी थाना बादलपुर जनपद गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 29 वर्ष।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर उक्त प्रकरण के संबंध में धोखाधडी का 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम।